तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

विश्व शांति महायज्ञ : निकली कलश यात्रा,... 12



खेल में विजेता बनने सामूहिक प्रयास जरूरी : विधायक साव 14





## खबर संक्षेप

### मल्लिन में जसगीत स्पर्धा 31 मार्च से

**बलौदाबाजार।** ग्राम मल्लिन में जय महामाया सेवा समिति के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि पर जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन 31 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। समति के सदस्यों ने बताया है कि प्रतियोगिता में अंचल के जसगीत समितियों को भाग लेने आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में विजेता पुरुष टीम को 5 हजार तथा महिला टीम को 4 हजार तथा उपविजेता पुरुष टीम को 4 हजार व महिला को 3 हजार, तृतीय पुरुष टीम को 3 हजार व महिला टीम को 2 हजार। वहीं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले पुरुष टीम को 2 हजार तथा महिला टीम को 1 हजार रुपए से पुरस्कृत किया जावेगा।

### च्वाइस सेंटर संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम तेंदूवाही में च्वाइस सेंटर संचालक से पूर्व सरपंच के द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी व च्वाइस सेंटर संचालक भारत कुमार जोगी पिता संतोष कुमार जोगी (22 वर्ष) निवासी तेंदूवाही ने एफआईआर में पुलिस को बताया कि पंचायत में उपसरपंच चंद्रकुमार यादव के साथ काम कर रहा था, तभी वह पूर्व सरपंच जीवन लाल साहू पिता सोनू साहू के पास उसके दुकान में पूर्व में बचत गली लाईट को लगवाने हेतु जानकारी लेने गया था। तभी बातचीत के दौरान आरोपी जीवन लाल साहू गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिससे गर्दन में चोट लगी एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पानी भरने गई महिला से मारपीट

**महासमुंद।** मुख्यालय के करीबी बिरकोनी के वार्ड 3 में नल से पानी भरने गई एक महिला के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले को लेकर सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया वेदकुमारी टंडन निवासी वार्ड नं 3 बिरकोनी बताया कि वह 27 मार्च की करीब 5 अपनी सास पुनउतीन टंडन के साथ घर के सामने लगे नल में पानी भरने गई थी। उसी समय पड़ोसी कलावती ढीढी एवं आत्माराम ढीढी भी नल में पानी भरने आए और पुरानी रंजिश को लेकर कलावती ढीढी द्वारा स्टील की बाल्टी से एवं आत्माराम ढीढी द्वारा डंडे से मारपीट कर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब सास पुनउतीन टंडन द्वारा बीच बचाव किया गया तो उसके साथ भी धक्का-मुक्की करने लगे।

### ससुराल वालों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा में एक विवाहिता के साथ उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर दी। प्रार्थिया खिलेश्वरी सिन्हा ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह ग्राम सरकड़ा थाना पिथौरा के निवासी मनीराम डडसेना के साथ वर्ष 2024 में सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था । विवाह के 02-03 माह बाद मेरे पति वाद विवाद करते थे। जिसकी जानकारी उसने अपने अपने पिता एवं परिवार वालों को दी। तब पिता भूखन लाल सिन्हा 5 जनवरी 2025 को मायके रायपुर लेकर गये, इसके बाद वह 5 फरवरी को वापस अपने ससुराल सरकड़ा गई। कुछ समय बीतने के बाद उसके पति के द्वारा फिर गाली गलौज किया जाने लगाऔर 26 मार्च की रात 9 बजे विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा जिसे सुन उसके ससुर उदेराम डडसेना, सास भोगबाई, देवर देवशंकर एवं देवरानी गनीता सभी ने एक राय होकर आज तुझे जान से मार देंगे कहते हुए मारपीट करने लगे।

# बायपास के बजाय बीच शहर से गुजर रहे तेज रफ्तार वाहन : दे रहे घटनाओं को अंजाम

## कई घटनाएं घटने के बावजूद प्रशासन ने रात में शहर मार्ग से जाने की दी है छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- प्रदूषण फैलने से नगरवासी परेशान है, किंतु प्रशासन द्वारा इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं

नगर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने शासन द्वारा बायपास मार्ग निर्माण कराये जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा प्रतिदिन रात्रि में भारी वाहनों को नगर में प्रवेश की दी गई छुट के चलते अब तक कई गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। एक बार फिर से गुरुवार देर रात नगर के भीतर से गुजर रही तेज रफ्तार अनियंत्रित भारी मालवाहक द्वारा गार्डन चौक में डिवायडर, रेलिंग के अलावा यातायात सिग्नल पोल को जमीदोज कर दिया। इस दौरान समीप से गुजर रहे बाइक सवार दो युवक उक्त हादसे का शिकार होते हुए बच गये। अन्यथा एक गंभीर हादसा घटित हो सकता था। लेकिन प्रशासन के उक्त निर्णय का नाजायज फायदा उठाते हुए ऐसे सभी मालवाहक वाहन जो नगर को क्रास कर बाहर अन्य नगरों को जाते हैं वे भी दूरी बचाने के उद्देश्य से सीधे नगर के भीतर से होकर रात भर गुजरते हैं। जिसके कारण नगर के भीतर दुर्घटना घटित होने के अलावा प्रदूषण फैलने से नगरवासी परेशान है, किंतु प्रशासन द्वारा इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं दिये जाने से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पा रही है।



### छूट का नाजायज फायदा उठा रहे वाहन चालक

गौरतलब है कि नगर के भीतर से गुजरने वाले भारी माल वाहक वाहनों की चपेट में आकर अनेक लोगों को अकाल मौत होने और जनाक्रोश के बाद शासन द्वारा करोड़ों की लागत से बायपास मार्ग का निर्माण कराया गया था, ताकि भारी वाहनों के नगर के भीतर से होकर गुजरने पर रोक लगाई जा सके, किंतु स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा व्यापारियों की मांग पर नगर के भीतर माल लाने ले जाने वाले भारी वाहनों को रात्रि में 10 से सुबह 6 बजे तक के लिए छूट देने का निर्णय लिया गया।

## मुख्यमंत्री योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि का चेक एवं सामग्री प्रदान की

# 44 जोड़ों ने लिए सात फेरे, थामा एक-दूजे का हाथ, मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को नगर में कृषि उपज मंडी प्रांगण में गोंडवाना सामाजिक विवाह में शामिल हुए। इसके बाद मंडी प्रांगण में स्थित मनोविकास केंन्द्र का अवलोकन कर वहां उपस्थित बच्चों से बातचीत कर प्रगति की जानकारी ली। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के मंडी प्रांगण के हेलीपेड स्थल पहुंचने पर कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, नपाध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक सनम जांगड़े सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।आदिवासी ध्रुव गोंड समाज खल्लारी महाकालेश्वर बलौदाबाजार के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह में नवविवाहित 44 जोड़ों को सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देते हुए श्री साय ने उन्हें मुख्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि का चेक एवं सामग्री भी प्रदान की। इस ▶▶ शेष पेज 13 पर



### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख की घोषणा

खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में विवाह का खर्च उठाना मुश्किल होता है। ऐसे में सामूहिक विवाह समाज में एक आदर्श स्थापित करता है। उनके समाज के पदाधिकारियों की मांग पर बलौदाबाजार एवं खल्लारी सुहेला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20–20 लाख दिये जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

### मुख्यमंत्री ने मनोविकास केन्द्र का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री साय ने कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित मनोविकास केन्द्र का निरीक्षण कर वहां बच्चों से बातचीत कर उनकी प्रगति की जानकारी ली एवं उनके अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की सरहाना करते हुए अनुकरणीय पहल बतायी।



# तड़ीपार युवक धारदार हथियार के साथ घूमते पकड़ाया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- कार्रवाई में जिला दंडाधिकारी ने समीपवर्ती जिलों की सीमा से दूर जाने जारी किया था आदेश

तड़ीपार युवक को धारदार हथियार के साथ भाटापारा में घुमते पुलिस ने पकड़ाय। जिला बदर का आदेश होने के उपरांत भी आरोपी सिद्ध बाबा शराब भट्ठी जाने वाले रोड भाटापारा में धारदार चाकू के साथ घूमते पाया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत के.के. वार्ड भाटापारा निवासी 28 वर्षीय राहुल यादव को जिलाबदर किया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है। 27 मार्च को सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी राहुल यादव, सिद्ध बाबा शराब भट्टी जाने वाले रोड भाटापारा में धारदार चाकू के साथ घूम रहा है तथा आने जाने वाले लोगों को चाकू दिखा कर डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी राहुल यादव को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया।

### आसपास के लोगों को डरा धमका रहा था आरोपी

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी धारदार चाकू लेकर सिद्ध बाबा शराब भट्टी जाने वाली रोड भाटापारा में घूमना एवं आसपास के लोगों को डरा धमकाकर भयभीत करना स्वीकार किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 14, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित पाए जाने से आरोपी को 27 मार्च गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने मेन रोड सारंगढ़ ग्राम बोंदा तालाब के पास शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की। पुलिस नेबताया कि मेन रोड सारंगढ़ ग्राम बोंदा तालाब के पास सुदर्शन श्रीवास पिता गंगाराम श्रीवास (42 वर्ष) केंदुवा लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा प्रदान कर रहा था। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# मालवाहक ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/पलारी

- सड़क पर गिरी महिला को मालवाहक ने कुचला, शव के चिथड़े-चिथड़े हुए

ग्राम पहंदा पलारी के समीप शुक्रवार की सुबह घटित सड़क हादसे में एक महिला की मौत ने फिर से जिला में सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। भारी वाहनों के ओव्हर लोड एवं तेज गति से लापरवाही पूर्व गाड़ी चलाने वालों पर लगाम लगाने की तमाम कोशिशों के नाकाम होने की ओर ईशारा किया है।

घटना के संबंध में प्रदत्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार नगर के एक नर्सिंग होम में कार्य करने वाली फुलेश्वरी साहू 32 वर्ष अपने गांव से सुबह स्कूटी से अपने पति अजीत साहू और पांच वर्षीय पुत्र भव्या के साथ ड्यूटी करने बलौदाबाजार आ रही थी। इसी दौरान ग्राम पहंदा के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित भारी मालवाहक वाहन के चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दिया, ▶▶ शेष पेज 13 पर



### ओव्हर लोड और तेज गति से लगातार घट रही घटनाएं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त घटना को अंजाम देने वाले भारी वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि स्कूटी को टक्कर मारने के बाद पलक झपकते ही वह नजरों से ओझल हो गई। वहीं वाहन चालक की लापरवाही एक हंसते खेलते परिवार पर कहर बनकर टूटी। घटना की सूचना मिलते ही पलारी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया एवं वाहन तथा चालक की पतासाजी शुरू कर दी गई है।

# असामाजिक तत्वों ने काटा नलजल का पाइप, गांव में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत सकरी में इन दिनों पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए वर्षों से चालू नहीं हो पाये नलजल योजना को नवनिर्वाचित सरपंच द्वारा चालू कराया गया था, किंतु मुख्य पाइप को असामाजिक तत्वों द्वारा बीच से बार–बार काट दिये जाने से पेयजल की समस्या और गहरा गई है। ग्राम सकरी निवासी देवेन्द्र वर्मा, नीतेश साहू, रवि साहू, राजेन्द्र साहू, पुनेश्वर साहू सहित ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि ग्रामीण स्तर पर जांच कर ▶▶ शेष पेज 13 पर



## किसानों को मक्का की खेती के लिए दिया गया प्रशिक्षण

# संयंत्र ने किसानों को बांटे उच्च गुणवत्ता के कल्टीवेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा शासकीय कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान तथा संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में किसानों के लिए कृषक प्रशिक्षण एवं कल्टीवेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर सेंटर रावन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के अलावा 7 किसानों को एक उच्च गुणवत्ता वाला कल्टीवेटर शासकीय कृषि विभाग के सबमिशन योजनान्र्तगत प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि गर्मी के दिनों में धान नहीं लगाना चाहिये। गर्मी के धान की फसल से अधिक मुनाफा के लिए मक्का दलहन, तिलहन की खेती को बढ़ावा देना चाहिए तथा कृषि विस्तार अधिकारी सुचिन वर्मा ने कीट प्रबंधन, कल्टीवेटर तथा शासकीय कृषि विभाग के योजनाओं के बारे में अवगत कराया। योगेंन्द्र साहू इफको के फिल्ड आफिसर ने नैनो यूरीया तथा किसान उत्पादक संगठन के निदेशक नारायण प्रसाद साहू ने मक्के कि खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किये। कार्यक्रम में सरसेनी के सरपंच टिकेश्वर देवागंन एवं उपसरपंच शारदा रजक की उपस्थिति रही। उन्होंने गांव स्तर पर मक्के की खेती पर सहमति प्रदान की। सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने किसानों को संबोधित करते हुये खेती के उन्नत तरीकों को अपनाकर लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सी एस आर से ज्योत्सना ने किसानों को सरकारी स्कीमों के बारे ▶▶ शेष पेज 13 पर

### मिट्टी, बीज, सिंचाई की तकनीक बतायी

प्रत्येक कल्टीवेटर में 13750 रुपए की अंशदान राशि का सहयोग अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में कार्यक्षेत्र के किसानों को मक्का की खेती के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें मिट्टी की तैयारी, बीज का चयन, सिंचाई तकनीक, कीट प्रबंधन और फसल चक्रण जैसे विषय शामिल थे। यह कार्यक्रम किसानों को मक्का की पैदावार बढ़ाने और टिकाऊ खेती प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करने के लिए आयोजित किया गया।

# शिक्षा और रोजगार के बजाय शराब दुकान खोल रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- कांग्रेस ने किया विरोध, प्रदेश सरकार पर लगाए आरोप

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की शराब नीति और उनकी खोटी नीयत पर सवाल उठाते हुए सोशल एक्टिविस्ट एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री तरुण खटकर ने कहा कि एक ओर सरकार ने शराब बंदी का वादा किया था। लेकिन दूसरी ओर सरकार ने छत्तीसगढ़ में 10 प्रतिशत नई दुकानें की अनुमति दी है। इसके तहत 67 नई दुकानें खोलने जा रही है। जिसमें जिले में 21 शराब दुकानें खुलेंगी। खटकर ने जिले में 21 नवीन शराब दुकान खोले जाने के विरोध में कहा कि यह महान संतों के मद्यपान निषेध व नशा के खिलाफ दिये गये संदेश की उपेक्षा कर नशाखोरी को बढ़ावा देने वाला कदम है। हमारे संतों ने मानव समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए महान आदर्श स्थापित किया था। आज उस पवित्र भूमि में 21 नई दुकानें खुलने से उनकी विरासत का अपमान होगा। खटकर ने कहा कि भाजपा ने सरकार में आने से पहले राज्य की जनता को शराब बंदी का वादा किया था, लेकिन अब सरकार में आने के बाद अपने वादे पर ठोस कदम उठाने के बजाय नई शराब दुकान खोल रही इसलिए सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि इस समय सरकार को अपने वादों की समीक्षा कर उसे पूरा करना चाहिए ।

**खबर संक्षेप**



## सिंधु संस्कार की स्कूटर रैली में 2000 से अधिक महिलाएं हुईं शामिल

**रायपुर।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव, चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने भव्य महिला स्कूटर रैली निकाली, जिसमें 2000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, यह देश की सबसे बड़ी रैली का कीर्तिमान बना। सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला अध्यक्ष डिंपल शर्मा भावना चांदनी ने बताया, स्कूटर रैली मां वैभवलक्ष्मी मंदिर मांढर वाली माता एवं सिंधु अमरधाम चकरभाठा की भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई। यह रैली सिंधु पैलेस से प्रारंभ हुई, जहां शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सभी महिलाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, तत्पश्चात पंचायत के पदाधिकारी एवं मुखी गणों ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान अशोक नेनवानी, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अशोक माखीजा, भारत रामानी, सतीश छुगानी, अशोक मालानी एवं विकास रूपरेला, महेश रोहरा, राजा बजाज, झामन दास बजाज एवं अन्य सभी मुखी शामिल थे, रैली बीटीआई चौक से तेलीबांधा पहुंची, जहां अजीत कुकरेजा एवं पूज्य सिंधी पंचायत तेलीबांधा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## डॉल्फिन सोसाइटी का निरीक्षण कचरा संग्रहण और पानी समस्या के जल्द समाधान के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने गुरुवार को जोन आयुक्त और निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉल्फिन ज्वेलो सोसाइटी का निरीक्षण किया। इस दौरान सोसाइटी के सचिव एस. दासगुप्ता और कुछ निवासियों के साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहणऔर नगर निगम से पेयजल लाइन उपलब्धता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। निगम आयुक्त ने संबंधित जोन आयुक्त को निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पानी की समस्या को लेकर आयुक्त ने बताया कि इसकी जांच और विश्लेषण के लिए एक तकनीकी टीम नियुक्त की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर पानी की लाइन के कनेक्शन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। विदित हो, पिछले सप्ताह डॉल्फिन सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर पानी और कचरा संग्रहण की समस्याओं से अवगत कराया था। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त और जोन आयुक्त ने सोसाइटी का दौरा कर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

# 10 साल बाद नेशनल रैंकिंग में भाग लेगा एचएनएलयू, छग का एक भी विवि शीर्ष-100 में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि नेशनल रैंकिंग में हिस्सेदारी की तैयारी कर रहा है। संस्थान मौजूदा वर्ष में एनआईआरएफ अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में भाग लेगा। इस रैंकिंग के जरिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति तय की जाती है।

2015 में इसकी शुरुआत से लेकर अब तक प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय शीर्ष-100 में भी अपनी जगह नहीं बना पाया है। आईआईएम, एनआईटी अपनी श्रेणियों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, लेकिन ओवरऑल परफॉर्मेंस में छग सामान्यतः पीछे ही रहा है। विधि विवि अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। यदि वह इस वर्ष एनआईआरएफ में भागीदारी करता है तो यह पहली बार होगा, जब वह इसमें शामिल होगा। हालांकि विविध प्लेटफॉर्म पर विधि विवि की पृथक रूप से होने वाली रैंकिंग का एचएनएलयू हिस्सा रहा है।

एनआईआरएफ में शैक्षणिक संस्थान द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं, शैक्षणिक गुणवत्ता, रिसर्च सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण करने के बाद रैंक प्रदान किए जाते रहे हैं।

- 2015 में हुई थी नेशनल रैंकिंग की शुरुआत, विधि विवि अब तक बनाता रहा है दूरी
- आईआईएम, एनआईटी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान होते हैं प्रतिवर्ष शामिल



### हिस्सेदारी की तैयारी

हम एनआईआरएफ में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। आधी-अधूरी तैयारियों के साथ हिस्सा लेने से बेहतर है कि सभी मापदंडों में श्रेष्ठ होने के बाद इसका हिस्सा बना जाए। **-प्रो.वीसी विवेकानंदन,** कुलपति, एचएनएलयू

### एमएचआरडी करता है रैंकिंग

2015 में एमएचआरडी (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा इसे शुरू किया गया था। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के लिए एक पद्धति है यह भारत सरकार की एक पहल है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। यह संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों और ज्ञान के क्षेत्रों में रैंक करता है। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक अधिकतर प्रदेश के अधिकतर शैक्षणिक संस्थान इसका हिस्सा बनते आए हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि, केंद्रीय विवि, दुर्ग विवि और प्रदेश के अन्य शासकीय विश्वविद्यालय पिछले 15 सालों में एक बार भी शीर्ष-100 में शामिल नहीं हो सके हैं। विगत कुछ वर्षों से प्रदर्शन अधिक खराब हुआ है। कई विवि शीर्ष-150 से भी बाहर हो गए हैं।

### बिना रायल्टी पर्ची काटे दूसरे जिले में भी जा रहीं गाड़ियां

# आरंग-अभनपुर क्षेत्र में अनुमति बिना खदानों में चल रहा रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद से रायपुर जिले में एक बार फिर रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी हो गया है। जिले के आरंग और अभनपुर क्षेत्र में कई खदानों में खनिज और पर्यावरण विभाग से अनुमति लिए बिना रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

वहीं उत्खनन के बाद रेत को हाईवा में मशीनों से लोड कराकर बिना रॉयल्टी काटे रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ दूसरे जिलों में भी भेजा जा रहा है। इससे प्रशासन को हर दिन करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण किया जाता है, लेकिन हकीकत में विभागीय की टीम द्वारा अब तक खानापूर्ति कार्रवाई ही गई है, जिसके कारण रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं।

खास खबर



### 13 में 8 खदानों को ही एनओसी

रायपुर जिले में 13 खदानों को ठेके पर दिया गया है। इसमें से 8 खदानों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से उत्खनन की अनुमति मिली हुई है, वहीं 5 खदानों को अब तक अनुमति नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी सभी खदानों में रेत का उत्खनन किया जा रहा है। जिन खदानों को अनुमति नहीं मिल पाई है, उनमें ज्यादातर आरंग क्षेत्र की हैं। हालांकि अभनपुर क्षेत्र में भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन लगातार बढ़ रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेत के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### निरीक्षण के बाद की जा रही कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की कुछ शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के आधार पर जिले में पिछले दो सप्ताह के दौरान निरीक्षण कर कार्रवाई भी की गई है। कार्रवाई की विस्तृत जानकारी 31 मार्च के बाद ही दे पाएंगे।
**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### नदी के उस पार का ठेका उत्खनन रायपुर सीमा क्षेत्र में किया जा रहा

अभनपुर क्षेत्र में ग्राम दुलना में नदी किनारे से रेत का जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह उत्खनन नदी के उस पर धमतरी जिले के ग्राम चमसुर खदान के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। चमसुर खदान में गाड़ियां जाने का रास्ता नहीं है, इसलिए ठेकेदार द्वारा ग्राम दुलना में चेनमाउंटेन मशीन के माध्यम से उत्खनन कराया जा रहा है। हाईवा गाड़ियों में लोडिंग कराने के बाद हर दिन गाड़ियां अभनपुर क्षेत्र से दुर्ग और धमतरी की ओर जा रही है। उल्लेखनीय है कि चालू माह में ही दुलना से रेत लोडिंग कराकर निकली दो हाईवा ग्राम गिलौरा स्थित अंबेडकर चौक के पास पंचर हो गई थी। इसकी सूचना विभाग को भी दी गई थी, लेकिन टीम के मौके पर पहुंचने से पहले दोनों गाड़ियों के चालक पंचर बनाकर वहां से फरार हो गए। विभागीय अधिकारियों ने हाईवा के नंबर के आधार पर गाड़ियों का पता लगाकर कार्रवाई करने की बात कहीं थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

## विश्व शांति महायज्ञ : निकली कलश यात्रा, साधु-संतों ने किया नगर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के गॉस मेमोरियल मैदान में गुरुवार को विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और साधु-संतों का नगर भ्रमण तथा भजन-कीर्तन का दिव्य आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के कोने-कोने से आए सैकड़ों साधु-संतों, भक्तों और आध्यात्मिक विदुषियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम महिमा अलेख और भजन-कीर्तन के साथ राष्ट्रीय संत बाबा उदयनाथ के पुण्य उपस्थिति और अगवाई में किया जा रहा है। सामाजिक सद्भाव और नशामुक्ति को समर्पित यह महायज्ञ तीन दिनों तक चलेगा। सैकड़ों युवा यहां नशे की आदत त्यागने की शपथ और नशे की आहुति देने का संकल्प लेंगे। महिलाएं, पुरुष और युवा, भक्त निस्वार्थ भाव से सेवाकार्य में जुटे हैं, जिससे पूरे मैदान में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी के जीवन में सुख, शांति, खुशहाली, समृद्धि, सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना है।

### चारों ओर शांति और भक्ति का माहौल

विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, यह एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और गरिमामयी आयोजन है, जिसमें देशभर सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए साधु-संतों और भक्तों की उपस्थिति इसे अद्वितीय बना रही है। यहां चारों ओर शांति और भक्ति का वातावरण है, जो सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है। अगले दो दिनों तक यज्ञ, भजन-कीर्तन, धर्मोपदेश और सामूहिक संकल्प कार्यक्रम जारी रहेंगे। सभी धर्म, संप्रदाय और समाज के लोगों से इस आयोजन में सहभागी बनने और विश्व शांति व सद्भावना के संदेश को फैलाने का अनुरोध किया गया है। यह महायज्ञ तीन दिवसीय 27 से 29 मार्च तक जारी रहेगा।

## पौनी-पसारी मार्केट में लौटी रौनक, सड़क तक पसरा लगाने वालों की अब शिफ्टिंग


अव्यवस्था : रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजना का दो साल से ऐसा हाल
पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी
आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे
बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है
पसरा वाले भी तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हरिभूमि ने उरकुरा मार्ग तक सब्जी बेचने वालों के मामले को किया था प्रकाशित

बिरगांव निगम के उरकुरा मुख्य मार्ग पर सब्जी बेचने के लिए पसरा लगाने वालों की वजह से आने-जाने वाले लोगों को रोज ट्रैफिक जाम से रूबरू होना पड़ता था, जबकि इनके लिए पौनी-पसारी के तहत बस्ती में ही बनवाए गए मार्केट में चबूतरे का आबंटन होने के बाद भी लोग जाने को तैयार नहीं थे। मामले को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त ने सब्जी बेचने वालों की शिफ्टिंग करवाई है।

रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजनाओं का दो साल से ऐसा हाल..,पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी शीर्षक से हरिभूमि ने 27 जून को खबर भी प्रकाशित की थी। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदारों ने चबूतरे का आबंटन करने के बाद फाइल दबा दी थी। नए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वासा के ज्वॉनिंग के बाद क्षेत्र के लोग प्रकाशित की गई खबर की कटिंग को लेकर आयुक्त के पास लगातार शिकायत दर्ज कराई। आयुक्त ने बताया कि लोगों की समस्या और समाचार में उठाए गए मामले की गंभीरता को देखते हुए जिन लोगों को चबूतरा आबंटित किया गया था।

उन सभी लोगों को पहले नोटिस जारी किया गया, उसके बाद भी लोग सड़क तक पसरा लगाते रहे। इसे देखते हुए कुछ दिनों पहले जुर्माना की कार्रवाई करते हुए मार्केट में बनवाए गए चबूतरे में शिफ्टिंग के लिए दबाव बनाते हुए व्यवस्था बहाली के लिए कार्रवाई की गई है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

## चैंबर चुनाव में प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन, 3 जिलों में होगा मतदान

- प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए सिंगल नाम, निर्विरोध होगा निर्वाचन
- मतगणना तक लागू रहेगी आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर से यह सूची जारी हुई। इसमें चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए सिंगल नाम आने से इन प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है, इसलिए मतदान और मतगणना होने तक आचार संहिता लागू है। जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है, वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना के बाद प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं। इसीलिये स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार-प्रसार न करें। नामांकन वापसी के बाद प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक-एक प्रत्याशी है, जिनमें अध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए निकेश बरडिया का नाम प्रत्याशी के रूप में शामिल है। इसीलिए इन पदों के लिए चुनाव नहीं होंगे और निर्विरोध निर्वाचन होगा।

सरगुजा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 353 मतदाता मतदान करेंगे। इस पद के लिए मुकेश कुमार अग्रवाल और अजीत अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसी तरह रायगढ़ जिला मंत्री पद के लिए 1171 मतदाता मतदान करेंगे। जिला मंत्री पद के लिये शक्ति अग्रवाल और भरत लाल वलेचा प्रत्याशी हैं। महासमुंद जिला उपाध्यक्ष पद के लिये 479 मतदाता मतदान करेंगे इसके लिए प्रवीण अग्रवाल और संजय अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसके अलावा कबीरधाम,जशपुर और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिलों से उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिये नामांकन नहीं भरे गए हैं । इसलिये यह पद निरंक रहेंगे ।

29 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के लियेआवेदन लिया जायेगा। इसके बाद 1 अप्रैल को समय शाम 6:00 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

*जिला रायपुर के लिए प्रत्याशियों के नाम :*
*जिला उपाध्यक्ष पद हेतुः लोकेश जैन, निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज, टी.श्रीनिवास रेड्डी, राज कुमार तारवानी, मनोज कुमार जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल।*
*जिला मंत्री पद के लिए: रविन्द्र सिंह चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कांति पटेल, आकाश धावना।*

### इन प्रत्याशियों के नाम में प्रथम जिला उपाध्यक्ष एवं द्वितीय जिला मंत्री पद के लिए है

0 बालोद - संजोग टावरी, स्वाधीन जैन
0 मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर : पंकज जैन, संजीव कुमार ताम्रकार.
0 कांकेर- अशोक कुमार राठी, महेश कुमार भोजवानी
0 कोरबा - जगदीश सोनी, कोई प्रत्याशी नहीं
0 कोरिया-अजय कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा.
0 गरियाबंद- अशोक सिंह राजपूत, अरुण कुमार मिश्रा.
0 दंतेवाडा-ओमप्रकाश सोनी, डुंगरमल सोनी
0 दुर्ग-अशोक राठी, दीपक चोपड़ा
0 धमतरी-दिनेश कुमार रोहरा,आलोक पांडे
0 बिलासपुर- नवदीप सिंह अरोरा, अनिल वाधवानी
0 बेमेतरा- केशव दास मोटवानी, चंदन सोनी
0 बलोदा बाजार- भाटापारा,श्रीचंद छाबडिया, सुभाष भट्टर
0 जिला भिलाई,चैंबर जिला- अनिल अग्रवाल,मनोहर कृष्णानी
0 मुंगेली- प्रेम आर्य,प्रवीण वैष्णव.
0 राजनांदगांव-आलोक बिन्दल, तरुण लहरवानी.
0 जांजगीर- चांपाः- विशाल केडिया, जीतेन्द्र कुमार चंद्राकर.
0 सक्तीः- शंकरलाल अग्रवाल, दिनेश शर्मा.
0 सारंगढ़ -बिलाईगं- मुकेश कुमार अग्रवाल, कोई प्रत्याशी नहीं.
0 सूरजपुर- अशोक कुमार अग्रवाल, रौनक जैन।

### धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति

# भू-जल दोहन के मामले में बेमेतरा सबसे आगे, सुकमा सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में भू-जल दोहन की अवस्था 49.58 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय स्तर पर 63.33 प्रतिशत की तुलना में कम है। राज्य के चार जिले बालोद, बेमेतरा, धमतरी, दुर्ग में भू-जल दोहन की अवस्था 70 प्रतिशत से अधिक है। बालोद जिले का गुरुर ब्लॉक भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है, जहां भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे अधिक है, जबकि बेमेतरा जिला भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है।

हरिभूमि सरोकार

सुकमा जिले में भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे कम है। राज्य में धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति है। अब चार और ब्लॉक इस स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें बेरला, नवागढ़, बसना और पिथौरा शामिल हैं। भूजल विदों का कहना है कि राज्य में पहले 36 फीसदी भूजल का इस्तेमाल होता था, जो बढ़कर 49 फीसदी हो गया है। अभी हालात बिगड़े नहीं हैं, लेकिन अगर सुधार की दिशा में काम नहीं किया गया, तो अन्य हिस्सों में भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि शुरू हो जाएगी। प्रदेश में 146 में से 116 ब्लॉक फिलहाल जलसंकट से दूर हैं। 22 को सेमी क्रिटिकल और 5 को क्रिटिकल माना गया है। गुरुर ब्लॉक में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन यह काफी नहीं है। यह ब्लॉक अतिदोहन से निकलकर क्रिटिकल की श्रेणी में आ गया है। चिंता की बात यह है कि चार नए ब्लॉक सेमी क्रिटिकल स्थिति में हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड और राज्य के भूजल विभाग की रिपोर्ट में चिंताजनक बात सामने आई है। भूजल का दोहन 8 फीसदी बढ़ा है। धरसीवां ब्लॉक सेमी क्रिटिकल से क्रिटिकल श्रेणी में आ गया है। जहां भूजल का 100 फीसदी या इससे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उस विकासखंड को अतिदोहन की श्रेणी में रखा जाता है। जबकि 90 से 100 फीसदी तक भूजल पर निर्भर रहने वाले ब्लॉकों को क्रिटिकल यानी संकटपूर्ण माना जाता है। 70 से 90 फीसदी तक इस्तेमाल करने वाले सेमी क्रिटिकल और 70 फीसदी से कम भूजल स्त्रोत का दोहन करने वाले ब्लॉक को सुरक्षित श्रेणी में रखा जाता है।

### 11 जिले सेमी क्रिटिकल

146 ब्लॉकों में से 38 ब्लॉकों में निष्कर्षण की अवस्था 30 प्रतिशत से कम है, 29 ब्लॉकों में विकास की अवस्था 30 से 50 प्रतिशत के बीच है। 49 ब्लॉकों में 50 से 70 प्रतिशत के बीच है। केवल 30 ब्लॉकों ने 70 प्रतिशत से अधिक विकास की अवस्था प्राप्त की है। पूरे राज्य में निष्कर्षण की अवस्था केवल 49.5 प्रतिशत है। मूल्यांकन इकाइयों का वर्गीकरण- 146 ब्लॉकों में से 6 इकाइयों को 'महत्वपूर्ण', 24 इकाइयों को 'अर्ध-महत्वपूर्ण' और 116 इकाइयों को 'सुरक्षित' ब्लॉकों की श्रेणी में रखा गया है। ब्लॉकों की कोई 'अति-शोषित' और 'खारे' श्रेणियां नहीं हैं। बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी में क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक बांटे गए हैं। दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, और सूरजपुर जिले। शेष सभी उपइकाइयों को भूजल से सुरक्षित श्रेणी में रखा गया है।

### क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक

गुरूर, धरसीवां ब्लॉक क्रिटिकल में हैं। बेरला, नवागढ़, बसना, पिथोरा, बरमकेला, धमतरी, बेमेतरा, साजा, बैथा, तखतपुर, कुरुद, धमधा, दुर्ग, पाटन,राजिम, मरकाटोला, कवर्धा, पंडरिया, डोंगरगांव, राजनांदगांव, बालोद, नवागढ़ और पुसोर सेमी क्रिटिकल में हैं।

### भूजल के बेहतर प्रबंधन की दरकार

जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पानी की कमी नहीं है, लेकिन जल प्रबंधन को लेकर राज्य डेंजर जोन में आता रहा है। इसमें ग्राउंड वाटर, वाटर हार्वेस्टिंग और गंदे पानी की ट्रीटमेंट की कमी प्रमुख कारण रहे हैं। भूःजल स्रोतों को बचाने जनसहभागिता बढ़ानी होगी, उद्योगों में भी पानी के प्रबंधन पर फोकस, सिंचाई के नए तरीके, कम पानी की खपत वाली फसलों को प्रोत्साहन, वनीकरण रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर शेड्स तालाबों का निर्माण, डबरी का निर्माण, बहुत गहरे में जा चुके स्त्रोत से कम निकासी।

## हमें अनाथ करने वालों को दें फांसी मेरे सामने की गई थी बेटे की हत्या

- पत्रकारवार्ता में माता-पिता व बहन ने सुनाई व्यथा, की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में नशेड़ियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वे पुलिस से भी नहीं डरते। न्यू चंगोराभाठा स्थित शिव मंदिर के पास रोज गांजा पीने के लिए जमा होने वाले नशेड़ियों को मेरा बेटा सचिन बडोले मंदिर के पास नशाखोरी करने से मना करता था। यह कोई अपराध तो नहीं है, लेकिन आरोपियों ने मेरी आंखों के सामने ही 30 दिसंबर को बेटे सचिन और उसके दोस्त कृष्णा यादव के सिर पर पत्थर पटकर हत्या करके हमें बुढ़ापे में अनाथ कर दिया।

राजधानी में इस तरह की घटना दोबारा न हो, अपराधियों में खौफ पैदा हो इसलिए आरोपियों को न्यायलय फांसी की सजा दे, यही मांग पत्रकार वार्ता के माध्यम से करने के लिए आया हूं। गुरुवार को यह गुहार पीड़ित पिता धनराज, मां चन्द्रलेखा और बहन सपना बडोले ने वार्ता के माध्यम से लगाई। न्यायालय से अपील किया कि मै हार्ट पेशेंट और पत्नी लकवा पीड़ित है। दोनों बेटियां भी शारीरिक रूप से कमजोर हैं। ऐसी स्थिति में सचिन परिवार का इकलौता सहारा था। 70 की उम्र में हमें बेसहारा करने वालों को फांसी की सजा दी जाए। ताकि जो पीड़ा हमें हो रही है। उस तरह की स्थिति किसी अपराधी की वजह से शहर के किसी दूसरे माता-पिता और परिवार को न देखना पड़े। हत्या करने वालों को फांसी की सजा मिलने से दूसरे अपराधियों में भय की स्थिति बने, हमारी यही मंशा है।

## खबर संक्षेप



### घुंचापाली में नवरात्र पर होंगे विविध आयोजन

**बागबाहरा।** चंडी माता मंदिर घुंचापाली में नवरात्र महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। 30 मार्च को ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। मंदिर ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन माता के दरबार में जस गीत गायन के अलावा प्रत्येक दिवस संध्याकालीन आरती के बाद भक्ति संगीत से सराबोर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 30 मार्च को अद्वैत प्रभा मंडल बागबाहरा, 31 मार्च ताल म्यूजिकल ग्रुप बागबाहरा, 1 अप्रैल लोक कला रामधुनी मंडली बाली वध चौसरा झलमला, 2 अप्रैल मां सरस्वती राम धुनी मंडली आमदी धमतरी सती अनुसुईया प्रसंग एवं 3 अप्रैल जय बजरंग रामधुनी मंडली द्रोपदी चीरहरण प्रसंग डोडोसरा बालोद, 4 अप्रैल पतंजलि कला मंडली अमानारा ओडिशा द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मंदिर परिसर में प्रत्येक दिवस दोपहर एवं शाम निःशुल्क भंडारे का आयोजन दानदाताओं एवं मंदिर के सहयोग से होगा।

### चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

**नर्रा।** चैत्र नवरात्र पर क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ज्योत जंवारा का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसी तरह क्षेत्र के गांवों तथा घर व शीतला मंदिरों में ग्राम नर्रा, परकोम, परसुली एवं खट्टी में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक की जाएगी। इस अवधि में माता देवालयों व घरों में मनोकामना का ज्योत दीप प्रज्ज्वलित के साथ जंवारा स्थापित की जाएगी। मां चैत नवरात्र को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।

### बेमचा में कल निकाली जाएगी प्रातः फेरी

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में नववर्ष संवत 2082 के उपलक्ष्य में 30 मार्च रविवार को प्रातःफेरी निकाली जाएगी। बताया गया कि चैत्र शुक्ल प्रथमा को सिद्धार्थ नामक तथा संवत प्रारंभ हो रहा है। साथ ही चैत्र नवरात्र शुरुवात भी हो रही है। इसके स्वागत में प्रातः 8 बजे गुड़ी चौक से महामाई चौक, मानस भवन चौक, अंबेडकर चौक, नयापारा, गायत्री मंदिर चौक, खल्लारी मंदिर, रामनगर पारा, बालाजी मंदिर होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करेंगे। इसमें भक्ति गीत, राष्ट्रीय गीत, जागरण गीत, स्वागत गीत एवं वीर गाथा गीत गाते हुए अति उत्साह के साथ 10 बजे तक गांव के देव शक्तियों को प्रणाम करते हुए भ्रमण करेंगे। इसमें सभी संगठन तथा दुर्गा संगठन, मानस परिवार, गायत्री परिवार, सर्व समाज पंचायत परिवार एवं महिला संगठन को शामिल होने के लिए आव्हान किया गया। आमजनों से नववर्ष के दिन अपने अपने घरों में भगवा ध्वजा लगाने की अपील की है। प्रातः अपने अपने घरों के दरवाजे पर रंगोली एवं शाम से 6 बजे एक एक दीपक जलाने के लिए आव्हान किया गया है। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### मांग : पूरे प्रदेशभर में खुलेंगे 67 शराब दुकान, विरोध शुरू

# नए शराब दुकान का भगवती मानव कल्याण संगठन ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्रदेश में खुल रहे 67 नई शराब दुकान को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने कड़ी नाराजगी जताई है। प्रदेश में नशामुक्ति अभियान चलाने वाली सबसे बड़ी संस्था भगवती मानव कल्याण संगठन ने इस नीति का कड़ा विरोध प्रकट किया है। संगठन गांव-गांव घर घर जाकर लोगों को नशामुक्त करा रही है। तो दूसरी ओर हमारी सरकार और नए 67 शराब दुकान खोल कर छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग, महिला पुरुषों को नशे की दलदल में ढकेल कर जीवन तबाह करने पर तुली हुई है। इसके विरोध में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष केशव साव, डॉ वीरेंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान रंजीत चंद्राकर, कुंदन नायक, कुमार पटेल, घांसीराम नायक, गनपत पटेल, बसंत डड़सेना, सदानंद साहू, सियाराम डड़सेना, मनोरंजन साहू, श्याम सिदार, बिसाहू यादव, नैनसिग ठाकुर, गनपत पटेल, होराबाई चंद्राकर, शुकचरण, रतन बारिक सहित बसना, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा सहित जिलेभर के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दुर्गा नगर में पेयजल से परेशान नही होंगे मोहल्लेवासी, हुआ बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर में पेयजल की समस्या गंभीर रूप देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष/उपाध्यक्ष व उनकी टीम ने इसे गंभीरता से लिया व आम लोगों को पेयजल समस्या को सुलझाने के लिए वार्ड क्रमांक दो में बोर खनन कार्य स्वीकृत किया गया। तत्काल दुर्गा नगर में बोर खनन का कार्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल, नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, अवध चंद्राकर, बंशीलाल चंद्राकर, पंकज हरपाल, पुष्पेंद्र चंद्राकर, राम प्रसाद यादव, विजय बंजारे, प्रकाश पाणिग्रही, बाबूलाल, नरेश यादव, रामचंद, पंकज यादव, नोज साहू, झरना, गीत मांझी, वर्षा मांझी, सरस्वती, रेवती, मीना सुकवारो, रामशीला, परमेश्वरी, शांति, उत्तरा आदि उपस्थिति रहे। ज्ञात हो कि नगर में जल स्तर अत्यधिक निम्न स्तर हो चुका है। वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा नगर में पिछले दशक से पानी की समस्या से मोहल्लेवासी जूझ रहे थे। इस मोहल्ले में पानी टैंकर भी नहीं पहुंच पा रहा था। चुनावी दौर में देवेश साहू से मोहल्लेवासी इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने पहली प्राथमिकता देने की बात कही थी। उसे गभीरता से लेने के लिए अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं इंजीनियर से कहा गया था। मोहल्ले की पानी की समस्या प्राथमिकता से लेते हुए समस्या का निदान किया।



### नागरिकों की समस्या सुन समाधान कर रहे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू प्रतिदिन पालिका दफ्तर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। विभिन्न वार्डों के लोग अध्यक्ष कक्ष में नपाध्यक्ष साहू से मुलाकात कर समस्याएं बता रहे हैं। जिस पर समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को अध्यक्ष द्वारा त्वरित निराकरण के निर्देश जा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर के समस्त वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर पालिका द्वारा संजीदगी से कार्य किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान होगा। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो नागरिक उनसे पालिका दफ्तर में आकर मुलाकात कर सकते हैं।

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में तीन चरणों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

**महासमुंद।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। अप्रैल माह में 07 से 21 अप्रैल तक, मई माह में 13 से 27 मई तक और जून माह में 16 से 30 जून तक आयोजित होगा। इस विशेष अभियान के दौरान भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जारी करने, भू-अधिकार पत्र, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का समाधान किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए राजस्व अधिकारियों की टीमें गांवों का दौरा करेंगी। शासन की मंशा है कि नागरिकों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए भटकना न पड़े और उन्हें अपने ही ग्राम पंचायत में त्वरित सेवाएं मिल सकें। इस अभियान से गांवों में राजस्व मामलों के निपटारे की प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

### पेयजल समस्याओं के निराकरण तथा आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**महासमुंद।** पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा जिले में पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए वर्ष 2025-26 में उपखंड एवं विखं स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक कार्यरत रहेगा। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा हस्त पंप तकनीशियन होंगे। पेयजल समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नम्बर 18002330008 पर सम्पर्क किया जा सकता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड महासमुंद अंतर्गत महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी किशोर कुमार साहू प्रभारी अधिकारी होंगे। इसी तरह विखं महासमुंद के लिए उपअभियंता विखं प्रभारी आलोक शुक्ला, बागबाहरा के लिए उपअभियंता कुलेश्वरी भारद्वाज, विखं पिथौरा के लिए उप अभियंता विखं प्रभारी पीडी अनंत होंगे। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सरायपाली अंतर्गत बसना और सरायपाली के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खिलेश्वर साहू प्रभारी अधिकारी होंगे। विखं बसना के लिए उपअभियंता विखं प्रभारी महेंद्र ध्रुव एवं विखं सरायपाली के लिए उपअभियंता विखं प्रभारी टीके चंद्राकर प्रभारी अधिकारी होंगे।

# औरंगजेब अत्याचारी था और मुसलमानों का आदर्श नहीं हो सकताः डॉ. सलीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वाध्याय भवन समिति द्वारा स्वाध्याय भवन में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम भारत माता के चलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। मंच पर डॉ सलीम राज के साथ समिति के पदाधिकारी अधिवक्ता भूपेंद्र राठौड़, महेश चंद्राकर, लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, चंद्रशेखर साहू एवं सीए रितेश गोलछा उपस्थित थे। डॉ सलीम राज ने वक्फ अधिनियम के दुष्प्रभाव को बताते हुए इसमें प्रस्तावित संशोधन के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वक्फ का अर्थ बताते हुए कहा की वक्फ का अर्थ होता है दान, न की किसी की संपत्ति को जबरदस्ती अपनी संपत्ति घोषित कर देना। वक्फ अधिनियम का अनैतिक फायदा उठाते हुए किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने की वर्तमान प्रणाली को गलत ठहराते हुए उन्होंने इसमें संशोधन को कानून सम्मत बताया। वक्फ अधिनियम में संशोधन से पारदर्शिता बढ़ने की बात उन्होंने की। वक्फ बोर्ड में सनातनी की सदस्यता एवं महिला की सहभागिता की बात पर उन्होंने कहा कि ये संशोधन नितांत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान की प्रधानमंत्री महिला हो सकती है तो बोर्ड में महिला क्यों नहीं हो सकती। बोर्ड में यदि सनातनी सदस्य होंगे तो किसी सनातनी एवं मुसलमान की संपत्ति जिसमें वो चार पीढ़ी से रह रहा है उसे गलत तरीक़े से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ काउंसिल के आदेश के विरुद्ध न्यायालय में अपील करने का अधिकार आम आदमी को इस संशोधन में प्रस्तावित है जो कि न्यायसंगत है। उन्होंने मुसलमानों को याद दिलाया कि उनके पूर्वज भी मूर्तिपूजक ही थे। औरगज़ेब के सवाल पर उन्होंने कहा कि औरंगजेब अत्याचारी था और मुसलमानों का आदर्श नहीं हो सकता। मुसलमानों का आदर्श यदि कोई है तो वो डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब हैं। संशोधन विधेयक को उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम बताया।



संशोधन के पक्ष में उन्होंने अपना भरपूर समर्थन होने की बात कही। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़ एवं उपाध्यक्ष महेश चंद्राकर ने बताया कि प्रत्येक माह इस प्रकार की गोष्ठी आयोजित की जाएगी। मंच का संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया। प्रस्तावना में सुमित ढिल्लो ने बताया कि क्यों वक्फ संशोधन विधेयक की आवश्यकता हुई। पूर्व में कब कब इसमें संशोधन हुआ। अंत में आभार प्रदर्शन रितेश गोलछा ने किया। कार्यक्रम में डॉ विमल चोपड़ा, देवीचंद राठी, चंद्रबदन मिश्रा, गोवर्धन प्रधान, लक्ष्मीकांत तिवारी, राजेश डड़सेना, सुमित ढिल्लो, तिलक साव, एमआर विश्वनाथन, अशोक गिरी गोस्वामी, नरेश मोरयानी, राजेश्वर खरे, सुजाता विश्वनाथन, उत्तरा प्रहरे, प्रमोद चंद्राकर, टेकराम सेन, कन्हैया लाल सोनी, सुशील शर्मा, रिखीराम साहू, शशांक तिवारी, नारायण सिंह ठाकुर, नूतन कुमार साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, संजय गिरी गोस्वामी, हरवंश सिंह ढिल्लो, अग्रज शर्मा, अनूप उपासे, गुमान जैन, अनिल जैन, मोहन साहू, पवन साहू, नीलम दीवान, अरुणेंद्रधर दीवान, अश्वनी तिवारी, देव नारायण बिसेन, देवेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, द्वारिका चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, हेमकांति देवांगन, भूमिका वर्मा सहित मुसलमान समाज से अनवर हुसैन, शेर मोहम्मद, नईम ख़ान एवं सभी समाज से अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सभी को साथ लेकर शहर विकास का लिया संकल्प

## दिव्यांग महिला पार्षद को पीआईसी में नपाध्यक्ष ने किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद की

**प्रेसिडेंट इन काउंसिल का नपाध्यक्ष ने किया गठन**

नई पीआईसी का गठन नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने गुरुवार को किया। जिसमें 4 कांग्रेस सहित 2 निर्दलीयों को भी शामिल किया गया। एक सदस्य नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी हैं। पीआईसी गठन पश्चात नपाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के पार्षदों सहित निर्दलीयों को शामिल कर हमने सभी को साथ लेकर शहर विकास का संकल्प लिया है।



ज्ञात हो कि पीआईसी गठन में प्रमुख बात यह रही कि नपाध्यक्ष साहू ने प्रथम बार के निर्वाचित वार्ड 15 के दिव्यांग पार्षद ईश्वरी संजय भोई को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग का सभापति बनाया है। इस पर नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि उन्होंने दिव्यांग पार्षद ईश्वरी भोई के संघर्ष व जनसेवा को ध्यान में रखकर पीआईसी मेंबर बनाया है। इससे जनसेवा के प्रति ईश्वरी भोई का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही पीआईसी की बैठक में मजबूती से जनहित के मुद्दे पर आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पालिका पीआईसी में दिव्यांग को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सभी को समान अवसर मिले यही उनकी सोच हैं। यदि अवसर मिले तो ईश्वरी भोई जैसी दिव्यांग महिला नगर विकास में अपनी बराबर की भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि नपाध्यक्ष साहू ने पीआईसी मेंबर में देवीचंद राठी उपाध्यक्ष को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग सभापति, जयकुमार देवांगन पार्षद वार्ड क्र. 02 को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, गुलशन कुमार साहू पार्षद वार्ड-27 को जलकार्य विभाग, बबलू सूरज नायक पार्षद वार्ड क्र. 09 को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव पार्षद वार्ड क्र. 05 को राजस्व तथा बाजार विभाग, ईश्वरी भोई पार्षद वार्ड क्र. 15 को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग, ज्योति रिंकू चंद्राकर पार्षद वार्ड क्र. 1 शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग सभापति की जिम्मेदारी प्रदान की है।

# सर्जरी के बाद नन्ही सिद्धि पूरी तरह स्वस्थ, आयुष्मान योजना बनी जीवन संवारने वाली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद ब्लॉक के ग्राम बरोंडाबाजार में 11 जनवरी 2024 को कार्तिक ध्रुव के घर नन्ही सी प्यारी बच्ची सिद्धि का जन्म हुआ। उनके आगमन से पूरे परिवार में अपार हर्ष और उल्लास का वातावरण छा गया। लेकिन जन्म के तुरंत बाद ही परिजनों ने सिद्धि के सिर पर असामान्य सूजन देखी, जिससे सभी चिंतित हो गए। परिवार ने तुरंत स्थानीय मितानिन और चिरायु टीम महासमुंद से संपर्क किया। डॉ. रूही नाज और सहयोगी डॉक्टर ने स्थिति को गंभीर मानते हुए बिना समय गंवाए उन्हें रायपुर के हायर सेंटर रेफर किया। रायपुर के डीकेएस अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि सिद्धि न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट और ऑब्स्ट्रक्टिव हाइड्रोसिफ़ेलस नामक गंभीर समस्या से ग्रसित है। डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी करने का निर्णय लिया और उनके स्कल में स्टंट डालकर ऑपरेशन किया गया। सर्जरी अत्यंत संवेदनशील थी, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कड़ी मेहनत और सही इलाज से यह पूरी तरह सफल रही। इस पूरे इलाज में 1.50 लाख रुपए का खर्च आया, जिसमें आयुष्मान योजना के तहत 1.20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता ने परिवार को राहत प्रदान की। सर्जरी के बाद सिद्धि जब अपने घर लौटी, तो भी उनकी नियमित देखभाल जारी रही। चिरायु टीम महासमुंद, सीएमएचओ डॉ. कुदेशिया और आरबीएसके कंसल्टेंट अनुपम शर्मा के मार्गदर्शन में उनका सही इलाज हुआ। डॉ अनिरुद्ध कसार की निगरानी में सिद्धि की सेहत में लगातार सुधार आता गया। आज सिद्धि पूरी तरह स्वस्थ है। वह हंसती, खेलती और अपनी मासूमियत से सभी को आनंदित कर रही है। माता-पिता की आंखों में संतोष और खुशी झलक रही है। आयुष्मान योजना ने जीवन संवारने वाली योजना को चरितार्थ कर दिया।



# नवमीं के छात्रों ने बनाया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट, जिला पंचायत सीईओ हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समग्र शिक्षा, इंटेल और अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैंप का आयोजन डाइट महासमुंद में हो रहा था। पांच दिवसीय कार्यशाला में इंटेल के एआई एक्सपर्ट अनूप सिंह ने 40 छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का नो कोड मॉडल सिखाया। चौथे दिन छात्रों ने नो कोड मॉडल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट बनाना सिखा। छात्रों ने विभिन्न एआई टूल्स टेबलू, टीचेबल मशीन और ऑरेंज डेटा माइनिंग का उपयोग कर प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रोजेक्ट बनाया। कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों ने अपने बनाए प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण अतिथियों के समक्ष किया। समापन अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, डाइट प्रतिनिधि ईश्वर चंद्राकर, जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद् के संयोजक जगदीश सिन्हा उपस्थित रहे। आयुष बाजपेई, रूपाली यादव और साहिबा परवीन ने टेब्लू आधारित एआई प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया। रुचि सिन्हा, जागृति सिन्हा और निशा पटेल ने टीचेबल मशीन आधारित ए आई प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण दिया। क्षितिज पांडेय, डोलमणि दास और क्षितिज देवांगन, रानी ध्रुव, छाया ने टेब्लू और ऑरेंज डेटा माइनिंग पर आधारित प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण किया। छात्रों के प्रस्तुतिकरण से प्रभावित होकर जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक ने कहा कि, आज जिस क्लास में बच्चे एआई को समझ रहे हैं, एक समय एआई इंजीनियरिंग के छात्रों को भी नहीं पढ़ाया जाता था।

आज न सिर्फ विज्ञान बल्कि कला, उद्योग, पर्यटन, सभी क्षेत्रों में एआई का उपयोग हो रहा है। उन्होंने जिले में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की मार्केटिंग में एआई टूल्स के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में सर्वप्रथम शिक्षकों को एआई प्रशिक्षित कर अध्यापन में इसके उपयोग करने के लिए योजना बनाए जाने की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने सभी प्रशिक्षार्थी छात्रों को सीखे गए सभी टूल्स का नियमित अभ्यास करते हुए नए एआई मॉडल्स बनाने प्रेरित किया। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक सतीश नायर ने भी संबोधित करते हुए छात्रों को नियमित अभ्यास करते रहने तथा अपने अपने स्कूलों में जाकर अन्य छात्रों को भी सिखाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विकास यादव व्याख्याता, लिलिमा साहू, ईशा शुक्ला उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जिला शैक्षिक एवं विज्ञान परिषद के जगदीश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम संचालन सुबोध कुमार तिवारी ने किया।

### समाजसेवी सुषमा की पहल से मानसिक दिव्यांग बालिका को मिला आश्रय

**रायपुर।** स्वयं की बड़ी बेटी से दुराचार के मामले में सजा भुगत रहे पिता के जेल जाने के बाद अकेली मां के लिए 5 बच्चों का भरण पोषण कठिन हो गया, जिसके बाद दर-दर भटकने को मजबूर मां को काम दिलाने और उनके 4 बच्चों को सरकारी आश्रय केंद्रों बाल आश्रम और बालिका केंद्रों तक पहुंचाने में शहर के समाजसेवी संस्था जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की प्रमुख सुषमा तिवारी ने बहुत बड़ी भूमिका अदा कर न सिर्फ समाजसेवी होने का परिचय दिया, बल्कि समाज में मानवता की मिसाल भी पेश की। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में संस्था के संरक्षक सेवाभावी अजय शर्मा का मार्गदर्शन और हेमलता तिवारी एवं मनीषा चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा।

## पेज 11 के शेष

### 44 जोड़ों ने...

अवसर पर श्री साय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में माता–पिता बच्चों के विवाह के लिए चिंतित रहते हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नपाध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित जनप्रतिनिधिगण के अलावा जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए हुआ एमओयूः** इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले के बाहर कोचिंग व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एवं न्यूवोको सीमेंट के माध्यम ओएमयू किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### मालवाहक ने स्कूटी ...

जिससे मृतका फुलेश्वरी सीधे सड़क पर गिर गई और ट्रक का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसके शरीर का हिस्सा क्षतविक्षत होकर सड़क पर बिखरने के साथ मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन सहित चालक के घटना स्थल से फरार होने की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दी गई।

### असामाजिक तत्वों ने ...

पाइप को काटने वाले आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जावेगी। सरपंच हरीश फेकर ने बताया कि ग्राम सकरी के कई मोहल्लो में पेयजल की भारी समस्या है, जिसे दूर करने नलजल योजना को कड़ी मसक्कत के बाद कुछ माह पूर्व चालू किये जाने के पश्चात अब असामाजिक तत्वों द्वारा मुख्य पाइप को काटा जाना शर्मनाक कृत्य है। आरोपी के गिरफ्त में आने के पश्चात उसके खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जावेगी। गौरतलब है कि ग्राम सकरी में नलजल योजना के तहत अभी भी कई घरों में नल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है।

### संयंत्र ने किसानों ...

में जानकारी लेकर लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा एवं टोपेश्वर मानिकपुरी की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### चाकूबाजी-मारपीट के आरोप में पांच गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने चाकूबाजी तथा मारपीट के पुराने मामले में एक युवती, उसकी मां सहित पांच लोगों को गिरफतार किया है। सद्दाम अहमद की शिकायत पर पुलिस ने मुस्कान रात्रे, मीरा रात्रे, रोशनी रात्रे, अंकुश रात्रे और विकास रात्रे को गिरफ्तार किया है। पांचों के खिलाफ सद्दाम ने 19 जनवरी को घर जाने के दौरान रास्ते में रोककर मारपीट तथा चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

### कांसाबेल व्यपवर्तन योजना के लिए 16.58 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखंड-कांसाबेल की व्यपवर्तन योजना के लिए 16 करोड़ 58 लाख 48 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना से करीब 968 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से परियोजना के कार्यों को कराने मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### छग महार समाज का महाधिवेशन आज

**रायपुर।** छग महार समाज (कोसरिया शाखा) का प्रदेश स्तरीय महाधिवेशन 29 व 30 मार्च को ग्राम मरारटोला (गोटाटोला) जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में आयोजित है। 29 मार्च को नम्रता सिंह के मुख्य अतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा अध्यक्षता समाज के प्रदेश प्रमुख श्रीराम शैलेंद्र करेंगे। प्रातः 10 बजे से भगवान नारायण देव की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। अतिथियों तथा सामाजिक पदाधिकारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सामाजिक नियमावली पर विचार एवं चर्चा कर सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। 30 मार्च के कार्यक्रम में इंद्रशाह मंडावी, विधायक मोहला मानपुर मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान पर चर्चा कर प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण तथा सामाजिक समस्याओं का निराकरण कर शाम 6 बजे समापन किया जाएगा।

### मंत्री राजवाड़े से आश्वासन मिलने के बाद पर्यवेक्षकों ने खत्म की हड़ताल

**रायपुर।** प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों के पर्यवेक्षकों ने गुरुवार को पिछले लगभग 17 दिनों से जारी ऑनलाइन हड़ताल को खत्म कर दिया। पर्यवेक्षक संघ की महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। पर्यवेक्षक संघ से प्रदेशाध्यक्ष ऋतु परिहार के नेतृत्व में प्रदेश सचिव जयश्री साहू, कोषाध्यक्ष याचना शुक्ला, सहसचिव आशा पात्रे, प्रीति बघेल, रायपुर जिलाध्यक्ष रेखा राजपूत और सदस्य अंजू तिर्की के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वेतन विसंगति, वेतनमान, पोषण ट्रेकर एप पर प्रशिक्षण, टीए आदि मांग पर मंत्री से चर्चा की। चर्चा के दौरान मंत्री ने बताया कि उनके द्वारा पहले भी उनकी मांगों से संबंधित फाइल शासन को भेजी गई हैं, और इस बार वे स्वयं वित्त मंत्री से चर्चा करेंगी।

### शशिकांत बोले- त्रिभुवन सहकारी विधेयक मील का पत्थर साबित होगा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक संसद में पेश किया गया जो भारतीय सहकारिता के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में शिक्षा ,शोध और प्रशिक्षण में क्रांति लाना है। विधेयक में प्रावधान है कि सभी राज्यों के सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों को विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल या कॉलेज के रूप में पंजीकृत किया जाएगा, इसमें डिग्री ,डिप्लोमा और पीएचडी पाठ्यक्रम होंगे। प्रतिवर्ष करीब 8 लाख लोगों को विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है।

# मच्छर उन्मूलन के लिए दुर्ग की कंपनी ट्रायल में फेल, 70 वार्डों के लिए फिर होगा नया ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने के लिए 3 माह के ट्रायल में दुर्ग की एजेंसी फेल हो गई है। अब नये सिरे से निगम का स्वास्थ्य विभाग 1 साल की समय अवधि के लिए मच्छर उन्मूलन कार्य कराने ऑन लाइन टेंडर करेगा। इस कार्य में 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्ताव को एमआईसी में भेजा गया है, मंजूरी मिलने पर सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन के पास राशि की स्वीकृति के लिए भेजा जायेग। दरअसल, नगर निगम द्वारा शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए पहली बार एकीकृत योजना बनाकर फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करने पॉयलट प्रोजेक्ट लाया गया। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर दुर्ग की एजेंसी को तीन माह के लिए इस कार्य का ठेका दिया गया। अनुबंध के हिसाब से 1 करोड़ 25 लाख रुपये में यह ठेका ट्रायल पर दिया गया। अनुबंधित एजेंसी ने 100 कर्मचारी रखकर शहर के अलग-अलग वार्डों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव शुरू कराया। साथ ही निगम मुख्यालय में इसका कंट्रोलरूम बनाया गया। आम जनता की शिकायत सुनने एजेंसी ने टोल फ्री नंबर जारी किया। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट को लोगों का अच्छा रिस्पांस मिला, पर पूर्व के परिषद की नवंबर में हुई एमआईसी की बैठक में तत्कालीन स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव सहित बैठक में शामिल सदस्यों ने इस प्रोजेक्ट के औचित्य को लेकर सवाल उठाये। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी के पास भी कुछ वार्ड के पार्षदों ने शिकायत कर बताया कि उनके वार्ड में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव की स्थिति संतोष जनक नहीं है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंधित एजेंसी का 20 फीसदी भुगतान लंबित रखा है। वहीं मच्छर उन्मूलन का कार्य प्रयोग बतौर 1 साल के लिए कराने नया प्रस्ताव तैयार है।

### मच्छरों से राहत दिलाने 1 साल में अब 3 करोड़ होंगे खर्च

अलग खबर



- निगम का स्वास्थ्य विभाग करेगा ऑनलाइन टेंडर
- एमआईसी में आएगा प्रस्ताव, सामान्य सभा से भी पास कराना होगा

**1 साल के लिए होगा ठेका**

मच्छर उन्मूलन के लिए अब 1 साल की समय अवधि के ऑनलाइन टेंडर होगा। इस कार्य के लिए 3 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। एमआईसी से प्रस्ताव पारित होने के बाद सामान्य सभा में चर्चा के लिए रखा जायेगा। मंजूरी मिलते ही शासन के पास प्रस्ताव भेजकर राशि की मांग की जायेगी।

- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

## प्रतियोगिता : कुम्भली और तरेंगा की टीम बनीं विजेता

# खेल में विजेता बनने सामूहिक प्रयास जरूरी : विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पहले कबड्डी खेल गांव-गांव में होते रहते थे, लेकिन वर्तमान में क्रिकेट प्रेमियों की रुचि इतनी ज्यादा इस खेल में दिखने लगी है कि लोग घर के छतों पर भी प्लास्टिक बैट से क्रिकेट खेलते नजर आने लगे हैं। उक्त बातें निपनिया में एमएलए कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीम को पुरस्कृत करने के दौरान मैदान पर उपस्थित क्रिकेट प्रेमियों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कही।

- विजेता कुम्भली टीम को एक लाख रुपए नकद कप मिला

विधायक इंद्र साव ने निपनिया में हो रहे प्रतिवर्ष इस आयोजन पर आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन के पीछे आयोजक गांव और शहर क्षेत्रों में दबी हुई प्रतिभा को बाहर लाने का कार्य कर रहे हैं। खेल कोई भी हो, खेल में कोई हारता नहीं है, बल्कि कुछ सीखता है और आने वाले समय के लिए और कड़ी मेहनत कर विजेता बनने अभ्यास करता है। श्री साव ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में विजेता बनने के लिए सामूहिक प्रयास का होना अत्यंत आवश्यक होता है और आज इस बात को कुम्भली और तरेंगा की टीम ने बता भी दिया, कि लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों ना हो, मिलकर जवाबदारी के साथ पूरा करने से लक्ष्य आराम से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उप विजेता टीम के खिलाड़ियों की भी तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने यहां तक का सफर भी टीम भावना के साथ किया।

उसी प्रकार अन्य पुरस्कार आशा कृषि केन्द्र, शंकर दास मानिकपुरी शेरा ठाकुर, नरेश नेताम सरपंच निपनिया, कामता ध्रुव मोपकी, अनूप साहू सरपंच गुड़ाघाट द्वार दिया गया।

फाइनल मैच का आनंद लेने दूर-दूर से खेल प्रेमी व महिलाएं बच्चे भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके अलावा आसपास गांव के सरपंच, पंच एवं जनपद सदस्य एवं ग्रामवासी कामता रावत, पिन्टू वर्मा, कृष झा, आशीष डेहरी, शैलेश ठाकुर, विनय ठाकुर, रामनरेश यादव, गोपी वर्मा, मुकेश ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा, चन्द्रशेखर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

### निपनिया में एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न



### तरेगा ने जीती ग्रामीण खेल क्रिकेट प्रतियोगिता

विदित हो कि निपनिया में इस बार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता रखी गई थी। शहरी क्षेत्र का फाइनल मैच कुम्भली व धरसींवा के बीच खेला गया, जिसमें कुम्भली की टीम ने 8 ओवर में 114 रन बनाए, वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए धरसींवा की टीम मात्र 62 रनों पर ढेर हो गई। उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में तरेंगा व भोथीडीह टीम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भोथीडीह की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 54 रन बना पाई। तरेंगा ने आसानी से ये रन बनाकर 7 विकेटों से फाइनल मैच जीत लिया। विजेता कुम्भली टीम को एक लाख रूपये नगद कप आयोजक समिति द्वारा एवं द्वितीय पुरस्कार 50 हजार व कप विधायक इन्द्र साव द्वारा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र प्रतियोगिता में विजेता तरेंगा को 40 हजार नकद व कप आयोजन समिति द्वारा दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भोथीडीह टीम के खिलाड़ी को सायकिल व कप राजेन्द्र गुप्ता, अनिता गुप्ता, सृजन गुप्ता द्वारा दिया गया।

# नवीन की पहल पर किसानों के खेतों में लगा मीटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्राम पुटपुरा के ग्रामीणों ने विद्युत समस्या को लेकर दर्रा स्थित कार्यालय में पूर्व जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा से मुलाकात कर अपनी समस्या गिनाई।

ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी 15 किसान अपने खेतों में बोर कराए हैं जिसके लिए विद्युत कनेक्शन के लिए दो माह पहले आवेदन दे चुके हैं, उसके बावजूद विद्युत कार्यालय का बार-बार चक्कर लगा रहे हैं। जिस पर भाजपा नेता नवीन मिश्रा ने इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर जल्द मीटर लगाने निर्देशित किया। इस पर विभाग ने तत्काल ग्रामीणों की खेतों में मिटर लगाने कार्य प्रारंभ किया। इसके लिए पुटपुरा के ग्रामीण कौशल दास, उमेद सिंह, मन्तराम, चैतराम, फेकूराम यादव, भागवत साहू, संतोष, अमरनाथ साहू, धनसिंग निषाद, पुरुषोक्तम, चैतूराम ने भाजपा नेता नवीन मिश्रा के प्रति आभार जताया।

### कोसमसरा से प्रियांशी का नवोदय में चयन

**कसडोल।** विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कोसमसरा से कक्षा 5वीं की छात्रा प्रियांशी पैकरा पिता शिवचरण पैकरा का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। छात्रा के चयन पर विद्यालय, परिवार सहित गांव में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधान पाठक लीलावती साहू ने खुशी जाहिर कर बताया कि प्रियांशी पैकरा स्कूल की होनहार छात्रा रही है। जवाहर नवोदय में चयन होने की खुशी पर, शाला परिवार, पालक, सरपंच-पंच एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रियांशी का सम्मान किया। इस मौके पर लीलावती साहू प्रधान पाठक, निर्मला देवांगन सहायक शिक्षक, श्याम लाल केवट सहायक शिक्षक, सरपंच दुलार सिंह पैकरा, उप सरपंच महेश्वर साहू सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# जागरूक नागरिक कर रहे संपत्तिकर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के आह्वान के बाद नगर पालिका भाटापारा द्वारा संपत्तिकर भुगतान को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस जागरुकता अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में कृष्णा साहू एवं वीणा ध्रुव ने अपने संपत्तिकर का भुगतान कर नगर के विकास में सराहनीय योगदान दिया है। नपा अध्यक्ष ने समस्त नगरवासियों के सहभागिता की अपील की है।

गौरतलब है कि, प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका का दर्जा रखने वाले भाटापारा में अरसे से शहरवासियों द्वारा सम्पत्ति कर व जल कर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। निरंतर बकाया होने से कर की यह राशि करोड़ों में हो चली है। ऐसे में अनेक तरह के विकास कार्यों के लिए करों पर निर्भर रहने वाली नगर पालिका में अब विकास में बाधा आ रही है। स्थिति को देखते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर के विकास में सहभागी बनने लोगों से जल व समेकित करों के भुगतान की अपील की है। नपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि उन्होंने शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने की दिशा में अनेक योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर ली है, लेकिन नगर पालिका में पर्याप्त मद नहीं होने से वे विकास कार्य शुरू हो पा रहे हैं। दूसरी ओर नगर पालिका के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारियों के वेतन का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है।




**शहर को विकसित करने कर जमा करना अनिवार्य**

मैं भाटापारा नगर पालिका अंतर्गत सभी जागरूक नागरिकों से अपील करता हूं कि वे समय पर संपत्तिकर जमा कर स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित भाटापारा के निर्माण में सहभागी बनें।

-अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष, नपा भाटापारा

### करों का भुगतान विकास कार्य होंगे

नपा अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि, नगरवासियों द्वारा इन करों का भुगतान होने से नगर में सुविधा बहाली के साथ ही विकास कार्य होंगे। सम्पत्ति कर के माध्यम से नगर पालिका को राजस्व प्राप्त होता है, जिसका उपयोग नगरीय सेवाओं जैसे कि कूड़ा-कचरा संग्रहण, स्ट्रीट लाइट और अन्य सामाजिक सेवाओं के संचालन में किया जाता है। वहीं सम्पति कर के माध्यम से सड़कें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और अन्य सामाजिक सेवाओं के रख-रखाव में किया जाता है। इसी तरह 50 हजार से अधिक की आबादी वाले भाटापारा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत शहर में हजारों की संख्या में नल कनेक्शन हैं, जिनमें से शहर के कुछ लोग ही जल कर का भुगतान करते हैं, जबकि सामान्य नल के अंतर्गत 180 रुपये प्रति माह व भागीरथी नल जल योजना के अंतर्गत 60 रुपये प्रति माह कर निर्धारित है।

### भाटापारा में जागरूकता अभियान जारी

नगर में करों के भुगतान की स्थिति को देखते हुए नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की पहल पर नगर पालिका परिषद की ओर से जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। नागरिकों को संपत्तिकर भुगतान के प्रति जागरूक करने अभियान निरंतर जारी है। शहर के जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए श्री कृष्णा साहू एवं वीणा ध्रुव ने अपने संपत्तिकर का भुगतान किया, जिस पर नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य शिविर में 157 मरीजों की जांच हुई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्राम बैजनाथ में खंड चिकित्सा अधिकारी कसडोल डॉ. रविशंकर अजगले के निर्देशानुसार स्वास्थ्य एवं एनसीडी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 157 मरीजों की जांच की गई, जिसमें उच्च रक्तचाप 34, मधुमेह 13, आंख जांच 11, मोतिबिंद 3, हीमोग्लोबिन 17 एवं सिकलिन के 13 मरीज मिले। आयुष्मान कार्ड 70+ 13 कार्ड अन्य 1 कार्ड मिले।

टीबी परीक्षण के लिए 41 लोगों का बलगम सैम्पल लिया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मितानिनों का एवं निक्षय मित्र का सम्मान किया गया तथा नये मरीज को पोषण आहार दिया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्राम पंचायत के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। उक्त शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी के स्टाफ रवि कुमार सेन, एचडी पटेल, रामगोपाल साहू, वीरेंद्र यादव, केंवरा सिदार, रुक्मणी, मनीष मीनाक्षी, रंजीत सरस्वती, द्वारिका, सौम्या, कौशल आदि उपस्थित थे एवं सभी स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

### नवोदय विद्यालय में चित्रा किशोर का चयन

**कसडोल।** नगर पंचायत में संचालित पीएमश्री स्कूल कसडोल से कक्षा पांचवी की छात्रा चित्रा किशोर ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त की है। चित्रा की इस सफलता के लिए पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए कहा कि विद्यार्थी की लगन, परिश्रम और शिक्षकों का समर्पण विद्यालय के लिए गौरव की बात है। यही सब बोर्ड एग्जाम भी दिखाई दिया। बच्चों का परिश्रम और प्रतिभावान शिक्षकों का ज्ञान, उद्देश्यों के प्रति समर्पित भावना से अध्यापन का ही परिणाम है कि इस विद्यालय के कोपल अंबष्ट 12वीं में और निधि साहू 10वीं ने टॉप टेन मेरिट में अपना स्थान बनाया। इसके लिए विद्यालय परिवार और नगर गौरवान्वित है। विद्यार्थी की सफलता के लिए रामेश्वर साहू और शिक्षकों ने चित्रा किशोर को बधाई दी।



# चरणबद्ध पद्धति से होगा मूल्यांकन, आधा उत्तर गलत होने पर नहीं काट सकेंगे पूरे अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर दिया गया है। इस बार हिंदी, इंग्लिश सहित गणित और विज्ञान के विषयों में भी स्टेप मार्किंग सिस्टम अपनाया जाएगा। हालांकि पूर्व में भी इस पद्धति से मूल्यांकन होता रहा है, लेकिन इस बार मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि वे उत्तर के जितने हिस्से सही हो, उतने अंक छात्रों को प्रदान करें। गणित विषय में भी यदि अंतिम उत्तर सही नहीं आता है तो छात्र ने जिस स्टेप तक प्रश्न सही तरीके से हल किया था, उस स्टेप तक छात्रों को अंक दिए जाएं। दीर्घ उत्तरीय प्रश्नपत्रों के अंतर्गत एक ही प्रश्न में दो या उससे अधिक तथ्य की जानकारी छात्रों से मांगी जाती है। छात्र कई बार एक तथ्य के उत्तर प्रदान करते हैं, लेकिन दूसरे तथ्य का उत्तर प्रदान करने में चूक जाते हैं। ऐसी स्थिति में छात्रों को आधे अंक दिए जाएंगे। शिक्षकों को मॉडल आंसर प्रदान करने के साथ ही इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है कि संबंधित विषय में सवाल के किस चरण तक कितने अंक दिए जाएंगे।





